माँ लक्ष्मी मेरा भाग लिख दो

खोलो हृदय के ताले, माँ लक्ष्मी मेरा भाग लिख दो,
मैया जी मेरा भाग लिख दो, मैया जी मेरा भाग लिख दो,
खोलो हृदय के ताले, माँ लक्ष्मी मेरा भाग लिख दो ॥

पहला तो सुख पुत्र का लिख दो,
पुत्र का लिख दो माँ पुत्र का लिख दो,
भरा पूरा रहे परिवार, माँ लक्ष्मी मेरा भाग लिख दो,
खोलो हृदय के ताले, माँ लक्ष्मी मेरा भाग लिख दो॥

दूजा सुख मैया दौलत का लिख दो,
दौलत का लिख दो माँ दौलत का लिख दो,
मैं खूब करूं पुण्य दान, माँ लक्ष्मी मेरा भाग लिख दो,
खोलो हृदय के ताले, माँ लक्ष्मी मेरा भाग लिख दो॥

तीजा सुख मैया सेहत का लिख दो,
सेहत का लिख दो माँ सेहत का लिख दो,
आये रोग बीमारी ना पास, माँ लक्ष्मी मेरा भाग लिख दो,
खोलो हृदय के ताले, माँ लक्ष्मी मेरा भाग लिख दो॥

चौथा सुख अपनी कृपा का लिख दो,
कृपा का लिख दो माँ कृपा का लिख दो,
गुण गाये ‘कमल’ बारम्बार, माँ लक्ष्मी मेरा भाग लिख दो,
खोलो हृदय के ताले, माँ लक्ष्मी मेरा भाग लिख दो॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24583/title/maa-lakshmi-mera-bhaag-likh-do

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |